कार्यालय जनपद न्यायाधीश –पीलीभीत।

आदेश संख्या– 11 /2025 दिनांकित: जनवरी 04 , 2024

आदेश

मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा वर्ष 2025 के (अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु) कैलेण्डर में टिप्पणी कम संख्या 3 पर जनपद न्यायालय पीलीभीत में 05 दिन का स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने के संबंध में बार संघों द्वारा स्थानीय व अतिरिक्त अवकाश के संबंध में प्रेषित प्रस्ताव दिनांकित 02.01.2025 का अवलोकन किया।

उपरोक्त अवलोकन उपरान्त, कैलेण्डर वर्ष 2025 में निम्नलिखित 05 स्थानीय अवकाश जनपद न्यायालय, पीलीभीत, बाह्य न्यायालय, बीसलपुर एवं ग्राम न्यायालय, पूरनपुर हेतु घोषित किये जाते हैं:–

कम सं0	दिनांक	दिन	पर्व/त्यौहार का नाम
1	06.01.2025	सोमवार	श्री गुरू गोविंद सिंह जयन्ती
2	14.04.2025	सोमवार	डा0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती
3	29.04.2025	मंगलवार	परशुराम जयन्ती
4	03.06.2025	मंगलवार	शाह जी मिंया उर्स
5	01.10.2025	बुधवार	महानवमी (दुर्गा पूजा)

मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा वर्ष 2025 के (अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु) कैलेण्डर में टिप्पणी कम संख्या 7 के अनुपालन में, तीन अवकाश {(26 जनवरी– गणतंत्र दिवस (रविवार), रामनवमी–06 अप्रैल तथा दिनांक 28 दिसम्बर–शीतकालीन अवकाश (रविवार)} जो रविवार को पड़ रहे हैं, उनके एवज में निम्न अतिरिक्त अवकाश जनपद न्यायालय, पीलीभीत, बाह्य न्यायालय, बीसलपुर एवं ग्राम न्यायालय, पूरनपुर हेतु घोषित किये जाते हैं:–

कम सं0	दिनांक	दिन	पर्व/त्यौहार का नाम	टिप्पणी
1	15.03.2025	शनिवार	होली	गणतंत्र दिवस दिनांक 26.01.2025 रविवार में पड़ने के कारण
2	22.10.2025	बुधवार	गोवर्धन पूजा	रामनवमी– दिनांक 06.04.2025 रविवार में पड़ने के कारण
3	23.10.2025	गुरूवार	भाईदूज	शीतकालीन अवकाश दिनांक 28.12.2025 रविवार में पड़ने के कारण

उपरोक्त घोषित अवकाश सहित चतुर्थ शनिवार के अवकाश को सम्मिलित करते हुए वर्ष 2025 में जनपद न्यायालय, पीलीभीत में कार्यदिवस 265 से अधिक रहेंगे।

तदनुसार आदेश की प्रति माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, पीठासीन अधिकारी, एम0ए0सी0टी0, समस्त न्यायालयों, बाह्य न्यायालय, बीसलपुर एवं ग्राम न्यायालय, पूरनपुर व समस्त अनुभागों को सूचनार्थ, समस्त बार संघों, नोडल अधिकारी कम्प्यूटर्स को आधिकारिक बेवसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु, केंद्रीय नजिर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु एवं जिला सूचना अधिकारी को समाचार–पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये।

जनपद न्यायालय, पीलीभीत में दिनांक 06.01.2025 को नियत समस्त जमानत प्रार्थना पत्रों/अन्य प्रार्थना पत्रों/वादों में सामान्य तिथि 07.01.2025 नियत की जाती है।

समस्त सम्बन्धित अनुपालनार्थ सूचित हों।

04-01-2025

दिनांकित: जनवरी 04, 2025

(जितेन्द्र कुमार सिन्हा),
जनपद न्यायाधीश,
पीलीभीत